माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई–मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in
कार्या :–(0755) 2551166–71(111)

क्रमाँक /गोपनीय–समन्वय/1576/2021 — भोपाल, दिनांक 17/5/2021

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त जिला समन्वय संस्था,
मध्यप्रदेश।

विषयः–हाईस्कूल परीक्षा 2021 की आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा की ओ.एम.आर.शीट भेजने सबंधी।

संदर्भः– कार्यालयीन पत्र क्रमांक/1573/गोपनीय/2021, दिनांक 10.05.2021 एवं पत्र क्रमांक/2019/समन्वय/2021, दिनांक 10.05.2021

––XX––

(1) विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से हाईस्कूल प्रायोगिक/आंतरिक परीक्षा वर्ष 2021 की ओ.एम.आर. दिनांक 30.05.2021 तक जिले की समन्वय संस्था में जमा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

(2) हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2021 की प्रायोगिक परीक्षा हेतु आवंटित राशि का वितरण किसी भी संस्था को नही किया जाना है, यदि किसी संस्था को वितरित की गई है तो तत्काल मण्डल खाते में वापस जमा कराई जावे।

(3) समस्त मान्यता प्राप्त संस्थायें हाईस्कूल प्रायोगिक/आंतरिक परीक्षा की समस्त ओ.एम.आर. कार्यालयीन आदेश क्रमांक/2019/समन्वय/2021, दिनांक 10.05.2021 निर्देशानुसार भरकर दिनांक 30.05.2021 तक जिले की समन्वय संस्था में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। उक्त ओ.एम.आर. समन्वय संस्था अंकों के "डी" एवं "ई" कव्हर को संस्थावार पृथक–पृथक सूची तैयार कर निम्नांकित तिथियों में समन्वय संस्था के कर्मचारियों द्वारा सीधे मण्डल, मुख्यालय के गोपनीय/डाटा कक्ष को प्रेषित करेंगे :–

क्र.	संभाग एवं जिला	अंक प्रेषण की तिथियां
1	ग्वालियर संभाग :–मुरैना, श्योपुर, भिण्ड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर	01.06.2021
2	सागर संभागः– टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सागर, दमोह, निवाड़ी	02.06.2021
3	रीवा संभागः– सतना, रीवा, शहडोल, उमरिया, सीधी, अनुपपुर, सिंगरौली	03.06.2021
4	उज्जैन संभागः– मन्दसौर, नीमच, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, देवास, आगर–मालवा	04.06.2021
5	इन्दौर संभागः–झाबुआ, धार, इन्दौर, खरगोन, बड़वानी, खण्डवा, बुरहानपुर, अलीराजपुर	05.06.2021
6	भोपाल संभागः– राजगढ़, विदिशा, भोपाल, सिहोर, रायसेन, बैतूल, होशंगाबाद, हरदा	07.06.2021
7	जबलपुर संभागः–जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मण्डला, डिण्डोरी, छिन्दवाड़ा, सिवनी, बालाघाट	08.06.2021

(4) उपरोक्तानुसार ओ.एम.आर. समन्वय संस्था के प्राचार्य द्वारा एम.पी.टूरिज्म अथवा कलेक्टर द्वारा निर्धारित दरों पर (जो भी कम हो) टाटा सूमो/बोलेरो आदि बंद वाहन (जिसमें सुरक्षा एवं गोपनीयता बनी रहे) किराये पर लेने की अनुमति होगी। शासकीय वाहन की उपलब्धता होने की दशा में उनका भी उपयोग किया जा सकेगा।

(5) ओ.एम.आर.शीट जमा करने हेतु व्यय राशि का उपयोग प्रायोगिक परीक्षा हेतु प्रेषित राशि में से किया जावे तथा शेष राशि मण्डल खाते में सुरक्षित रखी जावे।

परीक्षा नियंत्रक 17/5/21
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रदेश भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/गोपनीय–समन्वय/1577/2021 — भोपाल, दिनांक 17/5/2021

प्रतिलिपि :–

1. समस्त कलेक्टर/ पुलिस अधीक्षक मध्यप्रदेश,
2. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मध्यप्रदेश,
3. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण मध्यप्रदेश,
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश,
5. वित्त अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल।
6. चीफ सिस्टम ऑफिसर (सी.एस.ओ.) माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल,
7. निज सचिव/निज सहायक, अध्यक्ष/सचिव/अतिरिक्त सचिव/परीक्षा नियंत्रक माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल,
8. समस्त संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक 17/5/21
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रदेश भोपाल